श्याम पधारो घर में | Aman Saraf

नीले चढ़ कर खाटू वाले श्याम पधारो घर में मेरे
छोटा सा परिवार है मेरा तरस रहा दर्शन को तेरे

श्याम तेरे स्वागत में हम सब नैन बिछाए बैठे हैं
श्याम हमारे घर आएंगे एक दूजे से कहते हैं
अनुपम रूप दिखा कर अपने दूर करो चिंतन को मेरे
छोटा सा परिवार है मेरा तरस रहा दर्शन को तेरे

माखन मिश्री खीर चूरमा छप्पन भोग जिमाएँगे
मीठे मीठे भजन सुनकर हम सब तुम्हे रिझाएंगे
बैठ तुम्हारे चरणों में हम नित्य करे सुमिरन को तेरे
छोटा सा परिवार है मेरा तरस रहा दर्शन को तेरे

घर के छोटे से आँगन में चांदी की चौकी बिछाई है
भाव भरे पुष्पों से हमने सुन्दर खूब सजाई है
इस चौकी पर आन विराजो स्वीकारो वंदन को मेरे
छोटा सा परिवार है मेरा तरस रहा दर्शन को तेरे

विनती को स्वीकार के बाबा मन अमन का बढ़ा देना
निज हाथों से मोरछड़ी का झाड़ा हमको लगा देना
हर छड़ी तेरी बलशाली भक्तों के कष्टों को हरे
छोटा सा परिवार है मेरा तरस रहा दर्शन को तेरे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%aa%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%8b-%e0%a4%98%e0%a4%b0-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-aman-saraf/